**B.A./B.Sc./B.Com., DEGREE EXAMINATION, APRIL 2018**

**I YEAR – I SEMESTER**

**Foundation Course - Hindi**

**I YEAR COMMON TO ALL UG COURSES AND II YEAR (B.A., / B.Sc ONLY)**

**PAPER I – PROSE, FUNCTIONAL HINDI AND LETTER WRITING**

**Time : 3 hours** **Max. Marks: 75**

**SECTION A - (10 x 2 = 20 marks )**

**Answer any TEN questions.**

**SECTION : A**

I किन्हीं **दस** प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक का उत्तर 50 शब्दों से ज्यादा न हो। ( 10 X 2 = 20 )

1. पहली नौकरानी को नौकरी से क्यों निकाल दिया गया है?
2. चम्पा का परिचय दीजिए।
3. मेहमान कहानी का उद्देश्य क्या है?
4. ऊँचे मूल्यों में संतोष खोजने वाला व्यक्ति, यह प्रभाव पड़ने के लिए लेखक को क्या-क्या करना पड़ा?
5. बाबूजी के परिवार वालों का परिचय दीजिए।
6. बाबूजी अपने घर, जौरा क्यों आये?
7. कहानीकार प्रेमचन्द का परिचय दीजिए।
8. मनोवैज्ञानिक कहानीकार जैनेन्द्र कुमार का परिचय दीजिए।
9. किन्हीं **चार** का हिन्दी रूप लिखिए:-

   Analyst, Mayor, Balance Sheet, Office Order, Audit, Pay.
10. किन्हीं **चार** का अंग्रेज़ी रूप लिखिए:-

    भविष्यनिधि, लाभांश, पहचान पत्र, समयोपरि, नियत तिथि, प्रभारी।
11. किन्हीं **दो** वाक्यांशों का हिन्दी रूप लिखिए:-

    Draft is not ready, As may be necessary, For proposal, in public interest.
12. किन्हीं **दो** वाक्यांशों का अंग्रेज़ी रूप लिखिए:-

    कृपया अनुदेश दें, विलंब के लिए खेद है, प्रतिलिपि संलग्न है, आवेदन अस्वीकार कर दिया जाए।

**SECTION - B ( 25 Marks )**

II (a) किन्हीं **चार** वाक्यांशों की ससंदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। ( 4 x 5 = 20 )

13. क्यों बेकार में खर्च बढ़ाओगे? मैं कुछ पढ़ी-लिखी तो हूँ नहीं जो दिन-भर पलंग पर लेटी रहूँ, या सुबह -शाम पार्क की सैर को जाऊँ। जिस तरह काम चलता है, चलने दो।

14. तुम क्या बर्खास्त करोगी, मैं खुद ही थोड़े दिनों में नौकरी छोड़ने वाली हूँ। केवल अपना सुभीता देख रही थी। मेरा आदमी हैरान है कि मैं इतने दिनों यहाँ कैसे रही। वे तो शुरू से ही इस घर के खिलाफ़ थे।

15. हर चीज़ के वे हिस्से छिपा दिये थे, जो मुझे खुद फूहड़ लगते थे। आज का अखबार बड़े ढंग से मेज पर रख दिया था, जैसे उसे पढ़ते-पढ़ते ही मैं दरवाजा खोलने गया था।

16. होंगे आप अपने घर के महान, यह एक बार अगर मुँह लग गई तो किसी की महानता नहीं रखती। आपको पता नहीं है, यह कितनी उजड्ड और गँवार है, न किसी को महान मानती है, न मेहमान. . .इसके लिए . . .

17. मुझे लाने-ले-जाने की जरूरत नहीं है बेटा! मेरी जब मर्जी होगी, चला आऊँगा। पर जब तक मेरे हाथ-पाँव चल रहे हैं, मुझे यहीं रहने दो। यहाँ मेरे दोस्त अहबाब हैं, नाते-रिश्ते हैं, पास-पड़ोस हैं।

(b) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। ( 1 x 5 = 5 )

18. डीलर बनने की विधि-विधान संबंधी पूछताछ करते हुए महाप्रबन्धक, टी.वी.एस. (दो पहिए), चेन्नई के नाम पर पत्र लिखिए।

19. हिन्दी पाठ्य पुस्तकों के आदेश देते हुए वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली के नाम पर पत्र लिखिए।

## SECTION – C ( 30 Marks )

**III** a) किन्हीं **दो** का उत्तर 500 शब्दों में दीजिए। ( 2 X 10 = 20 )

20. **महरी** पाठ का सारांश लिखिए।

21. **वो तेरा घर, ये मेरा घर** की समीक्षा कीजिए।

22. **मेहमान** का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

b) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। ( 1 x 10 = 10 )

23. अर्द्ध सरकारी पत्र कब लिखा जाता है? सोदाहरण समझाइए।

24. परिपत्र से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित समझाइए।

———